# Ld. Bentinck School

**PREBOARD EXAMINATION, 2023- 24**

**Sub: Hindi Course-A (002)** Marks: 80 Time: 03 Hr

Student Name: ………………………………………… **CLASS: X** Class - UKG

*सामान्य निर्देश–*

*1.इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं– खंड 'क' और खंड 'ख'। खंड 'क' वस्तुपरक /बहुविकल्पीय और खंड 'ख' में वस्तुनिष्ठ / वर्णात्मक प्रश्न दिए गए हैं ।*

*2. प्रश्न के दोनों खंडों में कुल 17 प्रश्न हैं और सभी अनिवार्य हैं ।*

*3.यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।*

*4.खंड 'क' में 10 प्रश्न हैं , जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 49 है । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।*

*5.खंड 'ख' में कुल 7 प्रश्न हैं , सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं । निर्देशानुसार विकल्प का धायन रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**खंड'क'**

**1.निम्नलिखित गदयांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प को चुनकर लिखिए –**

महाराज भागीरथ कथोर तपस्या के बाद गंगा को स्वर्ग से पृथ्वी पर लाए । इसी कारण गंगा का नाम भागीरथी पड़ा। गंगा नदी पर भारतवासियों की असीम श्रद्धा है। वह उनके सुख –दुख की साथी रही है। गंगा का भारत की सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक परम्पराओंतथा राजनैतिक परिवर्तनों से भी अटूट संबंध रहा है।गंगा युगों से चलती आ रही भारतीय सभ्यता और संस्कृति की प्रतीक है। देश के अधिकांश पवित्र स्थान इसी नदी के किनारे स्थित हैं। देश के कई औदयोगिक केंद्र–कानपुर, कोलकाता आदि इसी के तट पर बसे हैं। प्रयाग, काशी, हरिद्वार, ऋषिकेश आदि तीर्थ स्थल गंगा के पावन तट पर ही हैं। गंगा ने ही उतर भारत के मैदानों को इतना उपजाऊ बनाया है । हिमालय से निकलकर बंगाल की खाड़ी तक की यात्रा में हजारों वर्षों से बहती हुई पवित्र गंगा भारत के करोड़ों लोगों का उपकार करने में मगन है । हिंदू गंगा के जल को पवित्र मानते हैं । धार्मिक कार्यों में इसका उपयोग होता है। गंगा जल ही है, जिसमें वर्षों तक रखे रहने के बाद भी कीटाणु पैदा नहीं होते हैं । आज भी गंगा में स्नान करके हिंदू लोग अपने को धन्य समझते हैं ।

**अ.गंगा का नाम 'भागीरथी' क्यों पड़ा ?**

i.कठोर तपस्या के कारण ii.स्वर्ग से आने के कारण
iii.महाराज 'भागीरथ' के कारण iv.सभी के कारण

**आ.'गंगा' कहाँ से निकलकर कहाँ गिरती है ?**

i.स्वर्ग से पृथ्वी पर ii.हिमालय से निकलकर बंगाल की खाड़ी में
iii.हरिद्वार से निकलकर काशी में iv.इनमें से कोई नहीं

**इ.गंगा ने किस क्षेत्र को उपजाऊ बनाया है ?**

i. उतर भारत के मैदानों को ii.दक्षिण भारत के मैदानों को
iii.उपयुक्त दोनों को ही iv.इनमें से कोई नहीं

**ई. 'गंगाजल' की क्या विशेषता है?**

i.यह मैला है ii।यह कीटाणुयुक्त है iii.इसमें कीटाणु नहीं लगते हैं iv.इनमें से कोई नहीं

**उ.किस नदी में नहाकर हिंदू अपने की धन्य मानते हैं ?**

i.यमुना ii। गंगा iii.सोन iv.महानदी

**2.निम्नलिखित दो पदयांशों में से किसी <u>एक</u> को पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुन कर लिखिए –** 1x 5 = 5

बहुत घुटन है बंद घरों में, खुली हवा तो आने दो,
संशय की खिड़कियाँ खोल, किरनों को मुस्कुराने दो ।
ऊँचे– ऊँचे भवन उयठ रहे हैं, पर आँगन का नाम नहीं,
चमक –धमक, आपा –धापी है, पर जीवन का नाम नहीं,
लौट न जाए सूर्य द्वार से, नया संदेशा लाने दो ।

हर माँ अपना राम जोहती, कटता क्यों वनवास नहीं
मेहनत की सीता भी भूखी, रुकता क्यों उपवास नहीं ।
बाबा की सूखी आँखों मैं चुभता, तिमिर भागने दो ।
गुमसुम गालियो को मिलने दो, खुशबू तो बिखरने दो,
डरे – डरे रिश्ते भी कहते, अपनों को अब मिलने दो ।

**अ. कौन लोग भूखे हैं –**

i. आराम करते लोग । ii. मेहनती लोग । iii. आपस मैं लड़ते लोग । iv. इनमें से कोई नहीं ।

**आ. सूर्य द्वार से लौट जाएगा –**

**कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए–**

i. ऊँचे–ऊँचे भवन होने के कारण । ii. आँगन न होने के कारण ।

iii. बाहरी चमक–धमक व दिखावे के कारण । iv. बादल होने के कारण

क. कथन (ii) और (iii) सही है ।

ख. कथन (i) और (ii) सही है

ग. कथन (i), (ii), (iii) सही है ।

घ. कथन (ii), (iii), (iv) सही है ।

**इ. 'तिमिर' का अर्थ है –**

i उजाला ii उषा iii अंधकार iv. पुष्प

**ई. 'संशय की खिड़कियाँ खोल मैं' अलंकार है –**

i. उपमा ii. अनुप्रास iii. यमक iv. श्लेष

**उ. आज रिश्ते डरे –डरे क्यों हैं __**

i. पर्यावरण के कारण । ii. अपनेपन की कमी के कारण ।

iii. भय के कारण । iv. भूख के कारण ।

<u>**अथवा**</u>

जो बीत गई सो बात गई ।
जीवन में एक सितारा था,
माना, वह बेहद प्यारा था,
वह डूब गया तो डूब गया ।
अंबर के आनन को देखो,
कितने इसके तारे टूटे,
कितने इसके प्यारे छूटे,
गए जो छूट गए फिर कहाँ मिले ?
पर बोलो टूटे तारों पर,
कब अंबर शोक मनाता है ?
जो बीत गई सो बात गई ।

जीवन में वह था एक कुसुम,
थे उस पर नित्य निछावर तुम,
वह सूख तो सूख गया ;
मधुबन की छाती को देखो,
सूखी कितनी इसकी कलियाँ ,
मुरझाई कितनी इसकी वल्लरियाँ
जो मुरझाई फिर कहाँ खिलीं,
पर बोलो सूखे फूलो पर,
कब मधुबन शोर मचाता है ?
जो बीत गई सो बात गई ।

**अ. इस कविता में मानव जीवन की तुलना हेतु दिये गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए–**

**कथन**

i. अंबर के टूटे हुए तारों से । ii. उपवन के मुरझा गए फूल से ।

iii. मदिरालय के टूटे हुए प्यालों से। iv. चाँद और सूरज से ।

**विकल्प**

क. कथन (i) व (iii) सही है । ख. कथन (i)(, ii) व (iii) सही है ।

ग. कथन (i), (iii) व (iv) सही है। घ. कथन ( ii)व (iv) सही है ।

**आ. टूटे तारों का शोक कौन नहीं मनाता है ?**

i. आकाश ii. बादल iii. धरा iv. समुद्र

**इ. 'मधुबन' किसका प्रतिकार्थ है?** i. बगीचे का ii. संसार का iii. जंगल का iv. पहाड़ का

**ई. 'जो बीत गई सो बात गई' से क्या तात्पर्य है ?**

i. बीती बातों पर दुख नहीं मनाना चाहिए ।
ii. बीते अनुभवों को भूलकर आगे बढ़ना चाहिए ।
iii.बीती बातों को सदैव याद रखना चाहिए ।
iv. (क) और (ख) दोनों

**उ.इस कविता से हमे सीख मिलती है कि–**

कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए –

**कथन**

i.मनुष्य को अपने बीते हुए दुखों को भूल जाने की ।
ii.अपने दुखों को स्मरण कर शोक में समय बिताने की ।
iii.वर्तमान के सुखों को लेकर जीवन का आनंद लेने की ।
iv. आकाश की तरह अविचल रहने की ।

**विकल्प**

क.कथन (i), व (iii) सही है ख. कथन (i), (ii) व (iii) सही है ।
ग. कथन (i), (iii) व (iv) सही है । घ. कथन (ii), व (iv) सही है ।

**3.निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्प प्रश्नों में से किन्हीं<u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1x4= 4**

अ.राम बोलते –बोलते अपने आप चुप हो गया । (वाक्य –भेद लिखिए)

i.मिश्र वाक्य ii. सरल वाक्य iii.संयुक्त वाक्य iv.आश्रित उपवाक्य ।

आ.प्याला गिरा और टूट गया । ( सरल वाक्य में बदलिए )

i.जैसे ही प्याला गिरा टूट गया । ii. जैसे ही प्याला गिरा वैसे ही टूट गया ।
iii.प्याला गिरकर टूट गया । iv. प्याला गिरा तथा टूटा ।

इ.रवि घर गया । उसने राहुल को देखा । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

i.रवि ने घर जाकर राहुल को देखा । ii. रवि घर गया और उसने रवि को देखा ।
iii.रवि घर गया अत:रवि को देखा । iv.जब रवि घर गया तब रवि को देखा ।

ई.आपके आवाज़ उठाने पर सभी आपके साथ खड़े हो जाएँगे। इसका मिश्र वाक्य होगा ।

i.आपके आवाज़ उठाते ही सभी आपके साथ खड़े हो जाएँगे ।
ii.आप आवाज़ उठाएँगे,तो सभी आपके साथ खड़े हो जाएँगे ।
iii.आप आवाज़ उठाएँगे और सभी आपके साथ खड़े हो जाएँगे ।
iv.आप आवाज़ उठाएँगेइसलिए सभी आपके साथ खड़े हो जाएँगे ।

उ.'<u>जो वीर होते हैं,</u>वे रणभूमि में वीरता का प्रदर्शन करते हैं ।' रेखांकित उपवाक्य का भेद है –

i.संज्ञा आश्रित उपवाक्य ii.सर्वनाम आश्रित उपवाक्य
iii.क्रिया विशेषण उपवाक्य iv. विशेषण आश्रित उपवाक्य

**4.निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिये – 1x4= 4**

**अ.'अशोक ने विश्व को शांति का संदेश दिया।'इस वाक्य का वाच्य लिखिए ।**

i.कर्मवाच्य ii भाववाच्य iii.कर्तृवाच्य iv.करणवाच्य

**आ.मुझसे सब पढ़ा जा चुका है । इस वाक्य का वाच्य लिखिए ।**

**इ.सुमन जल्दी नहीं उठती । इस वाक्य को भाववाच्य में बदलिए–**

i.सुमन जल्दी उठ नहीं पाती। ii.सुमन जल्दी से नहीं उठ सकेगी ।
iii.सुमन जल्दी नहीं उठ पाएगी । iv.सुमन से जल्दी नहीं उठा जाता ।

**ई.निम्नलिखित में से कौन –सा कर्तृवाच्य का सही विकल्प है ?**

i.परीक्षा के बारे में अध्यापक द्वारा क्या कहा गया?
ii.परीक्षा के बारे में अध्यापक ने क्या कहा?
iii.परीक्षा के बारे में अध्यापक के द्वारा क्या कहा जा सकता है ।
iv.परीक्षा के बारे में अध्यापक ने क्या कहा?

**उ.निम्नलिखित में से कौन –सा कर्मवाच्य का विकल्प नहीं है ?**

i.उसके द्वारा खाना खाया जाता है ।
ii.मोहन से चला नहीं जाता ।

iii.हालदार ने पान खाया । iv.मरीज से पानी नहीं पीया जाता ।

**5.निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 1x4= 4**

अ.मधुरिमा दिल्ली जा रही है –रेखांकित पद का परिचय है –

i.जातिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्मकारक ।

ii.व्यक्तिवाचक संज्ञा, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्ता कारक ।

iii.व्यक्तिवाचक संज्ञा , पुल्लिंग, एकवचन, कर्ताकारक ।

iv.भाववाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक ।

**आ. राघव मुझे यहीं मिला था –रेखांकित पद का परिचय है–**

i.क्रिया, अकर्मक, पूर्ण भूतकाल , पुल्लिंग, एकवचन, कर्तृवाच्य ।

ii.क्रिया, सकर्मक, पूर्ण भूतकाल, पुल्लिंग, कर्मवाच्य ।

iii.क्रिया, अकर्मक , वर्तमान कल , स्त्रीलिंग एकवचन, कर्तृवाच्य ।

iv.क्रिया, अकर्मक, पूर्ण भूतकाल, पुल्लिंग एकवचन, भाववाच्य ।

इ.हम पेड़ के नीचे बैठे हैं –रेखांकित पद का परिचय है –

i.अव्यय, संबंधबोधक, 'पेड़' से संबंध ।

ii.अव्यय, समुच्चय बोधक, विभाजक ।

iii.अव्यय, योजक, हमें और पेड़ को जोड़ रहा है ।

iv.अव्यय, क्रिया विशेषण ।

ई.तुम किसे देख रहे हो –रेखांकित पद का परिचय है –

i.सर्वनाम, स्त्रीलिंग, एकवचन , कर्मकारक ।

ii.सर्वनाम, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ताकारक ।

iii.सर्वनाम, पुल्लिंग, बहुवचन, कर्ताकारक ।

iv.सर्वनाम, प्रश्नवाचक, एकवचन , कर्मकारक ।

उ.नवाब साहब थककर लेट गए –रेखांकित पद का परिचय है –

i.क्रिया विशेषण, गुणवाचक, 'लेट गए' क्रिया की विशेषता ।

ii.विशेषण, सर्वनामिक, 'नवाब साहब' संज्ञा की विशेषता ।

iii.क्रिया विशेषण, रीतिवाचक, 'लेट गए' क्रिया की विशेषता ।

iv. विशेषण, रीतिवाचक, 'लेट गए' क्रिया की विशेषता ।

**6.निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 4**

अ. कहती हुई यों उत्तरा के नेत्र जल से भर गए ।
हिम के कणों से पूर्ण मानो, हो गए पंकज नए ॥पंक्ति में अलंकार है ?

i.श्लेष ii. मानवीकरण iii. अतिशयोक्ति iv. उत्प्रेक्षा

आ.रहिमन पनि राखिए, बिन पानी सब सून ।
पानी गए न उबरे, मोती मानुष चून ॥ काव्य पंक्ति में अलंकार है ?

i.श्लेष ii. मानवीकरण iii.अतिशयोक्ति iv. उत्प्रेक्षा

इ.जहाँ अर्थ के कारण काव्य में सौंदर्य उत्पन्न होता है, वहाँ होता है –

i.शब्दालंकार ii. समास iii. अर्थालंकार iv.नाद –सौंदर्य

ई.आगे नदिया पड़ी अपार, घोडा कैसे उतरे पर ?
राणा ने सोचा इस पार, तब तक चेटक था उस पार । काव्य पंक्ति में अलंकार है ?

i.श्लेष ii. मानवीकरण iii.अतिशयोक्ति iv. उत्प्रेक्षा

उ. किस काव्य पंक्ति में उत्प्रेक्षा अलंकार है ?

i.कनक –कनक ते सौ गुणी मादकता अधिकाय

ii. मंगन को देख पट देत बार –बार

iii.सिर फट गया उसका मानो अरुण रंग का घोडा

iv.आए महंत बसंत

**7.निम्नलिखित पठित गदयांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुन कर लिखिए – 1x5= 5**

जीप कस्बा छोड़कर आगे बढ़ गई तब भी हलदार साहब उस मूर्ति के बारे में ही सोचते रहे, और अंत में इस निष्कर्ष पर पहुँचे की कुल मिलाकर कस्बे के नागरिकों का यह प्रयास सराहनीय ही कहा जाना चाहिए । महत्त्व मूर्ति के रंग –रूप या कद का नहीं, उस भावना का है वरना तो देशभक्ति भी आजकल मज़ाक की चीज होती ज रही है ।

दूसरी बार जब हालदार साहब उधर से गुज़रे तो उन्हें मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया । ध्यान से देखा तो पाया कि चश्मा दूसरा है । पहले मोटे फ्रेमवाला चौकोर चश्मा था, अब तार के फ्रेमवाला गोल चश्मा है । हालदार साहब का कौतूहल और बढ़ा । वह भाई ! क्या आइडिया है । मूर्ति कपड़े नहीं बदल सकती लेकिन चश्मा तो बदल ही सकती है ।

अ.जीप क्या छोड़कर आगे बढ़ गई ?

क.सड़क　　ख. स्टेशन　　ग.चौराहा　　घ.कस्बा

आ.हालदार साहब किसके विषय में सोचते रहे ?

क.नेताजी के बारे में　　ख.मूर्ति के बारे में　　ग.चौराहे के बारे में　　घ.कस्बे केबरे में

इ.हालदार साहब के अनुसार किस बात का महत्त्व अधिक है ?

क.मूर्ति का　　ख.लेखक का　　ग.भावना का　　घ.इनमें से किसी का नहीं

ई.आजकल क्या मज़ाक की चीज़ होती ज रही है ?

क.देशभक्ति　　ख.बडों के प्रति आदर भावना　　ग.मूर्तिकला　　घ. ये सभी

उ.नेताजी की मूर्ति पर दूसरी बार किस आकार का चश्मा था ?

क.मोटे फ्रेमवाला चौकोर　　ख.गोल काले रंग का　　ग.चौड़ा और ऊँचा　　घ.तार के फ्रेमवाला गोल

**8. गद्य पाठों के आधार पर निमंलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए – 1x2= 2**

अ.बालगोबिन भगत द्वारा अपने पुत्र की मृत्यु पर शोक न मनाने अथवा आनंदोत्सव मनाने का क्या कारण था ?

i. वे सब कुछ भूल चुके थे　　ii. वे कबीर के भक्त थे

iii.वे मृत्यु को विरहणी आत्मा और परमात्मा का मिलन मानते थे　　iv.इनमें सेकोई नहीं

आ.कल्याण की भावना से नाता टूट जाने के बाद 'संस्कृति' क्या हो जाती है ?

i.असभ्यता　　ii.असंस्कृति　　iii.अयोग्यता　　iv.इनमें से कोई नहीं

**9. निम्नलिखित पठित पदयांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए – 1x5= 5**

तार सप्तक में जब बैठने लगता है उसका गला
प्रेरणा साथ छोड़ती हुई उत्साह अस्त होता हुआ
आवाज से राख जैसा कुछ गिरता हुआ
तभी मुख्य गायक को ढांढ़स बंधाता
कहीं से चला आता है संगतकार का स्वर
कभी –कभी वह यों ही दे देता है उसका साथ
ये बताने के लिए वह अकेला नहीं है
और यह कि फिर से गया जा सकता है
गाया जा चुका राग ।

1. तार सप्तक क्या है ?

i.मध्य स्वर में गायन　　ii.मंद्र स्वर में गायन　　iii.उच्च स्वर में गायन　　iv.इनमें से कोई नहीं

आ. 'राख जैसा गिरने से' क्या अभिप्राय है ?

i.गायन सुनकर राख गिरने लगती है　　ii.आग से राख का गिरना

iii.सब जलकर राख हो जाता है　　iv.मुख्य गायक की आवाज का क्षीण होना

इ.'बैठने लगता है उसका गला' पंक्ति का क्या भाव है ?

i.गला बैठ जाता है　　ii.गले से खड़ा नहीं रहा जाता

iii.सुर को ऊपर उठाने के प्रयास में गला साथ नहीं देता　　iv.उपर्युक्त सभी

ई.ऐसी स्थिति का मुख्य गायक पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

i.मुख्य गायक उत्साहित हो जाता है　　ii.उसकी प्रेरणा साथ छोड़ने लगती है

iii.वह घबराकर मंच छोड़ देता है　　iv.उपर्युक्त सभी

उ.ऐसे में उसका साथ कौन देता है ?

i.संगतकार का स्वर　　ii.श्रोताओं की तालियाँ　　iii.कार्यक्रम के संचालक　　iv.उसके रिश्तेदार

**10.पद्य पाठोंके आधारपर निम्नलिखित दो बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए – 1x2= 2**

अ.उद्धव गोपियों की मनोदशा को क्यों नहीं समझ सके ?

i.उद्धव योग –ज्ञान के समर्थक थे ii.ज्ञान के दर्प में वे गोपियों के आदर्श प्रेम को नहीं समझना चाहते हैं
iii.वे प्रेम के उदात्त स्वयं से अपरिचित हैं iv.उपरोक्त सभी कारणों से

2. 'राम – लक्ष्मण परशुराम संवाद' पाठ ( प्रसंग वर्णन ) में किस छंद का प्रयोग किया गया है ?
i.पद्य ii.दोहा और चौपाई iii.सवैया iv.सोरठा

**<u>खंड–ख</u>**

**11.गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए – 2x3= 6**

अ. सेनानी न होते हुए भी चश्मे वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे ?
आ.भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ।
इ. बिस्मिल्ला खाँ की कोई दो विशेषताएँ लिखिए
ई.लेखक के अनुसार संस्कृति व्यक्ति कौन है ?

**12.पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 25–30 शब्दों में लिखिए – 2x3= 6**

अ. मानव के मन पर फागुन के सौन्दर्य का क्या प्रभाव पड़ता है ?
आ.कवि ने शिशु की मुस्कान को दंतुरित मुस्कान क्यों कहा है ? कवि के मन पर उस मुस्कान का क्या प्रभाव पड़ा ?
इ.'उत्साह' कविता में 'नवजीवन वाले' विशेषण किसके लिए और क्यों प्रयोग किया गया है ?
ई.स्मृति को 'पाथेय' बनाने से कवि का क्या अश्या है ?

**13.पूरक पाठ्य –पुस्तक के पाठों के आधार पर निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 50–60 शब्दों में लिखिए – 4 x 2= 8**

अ.लेखक अज्ञेय के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति उनके लेखन में मदद करती हैं, क्यों ?
आ. 'माता का अंचल ' पाठ के आधार पर भोलानाथ और पिता के सम्बन्धों का विश्लेषण करते हुए पिता –पुत्र के संबंधों के महत्व पर प्रकाश डालिए ।
इ.कभी श्वेत तो कभी रंगीन पताकाओं का फहराना किन अलह –अलग अवसरों की तरफ संकेत करता है ? 'साना –साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए ।

**14.निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी <u>एक विषय</u> पर पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए – 6**

i.श्रम का महत्त्व
संकेत बिन्दु
तात्पर्य॰सफलता प्राप्ति का साधन एवं भविष्य –निर्माण का आधार , ॰श्रम न करने के दुष्परिणाम

ii.मोबाइल फोन ; वरदान या अभिशाप
संकेत बिन्दु
॰भूमिका ॰परस्पर संपर्क का उत्तम साधन, मोबाइल फोन के लाभ एवं हानियाँ, ॰निष्कर्ष

iii.समय का सदुपयोग
संकेत बिन्दु
॰भूमिका ॰समय के सदुपयोग के लाभ, ॰विद्यार्थी जीवन में समय पालन की उपयोगिता, ॰समय का दुरुपयोग करने के दुष्परिणाम, ॰निष्कर्ष ।

15. अपनी बड़ी बहन को 100 शब्दों में पत्र लिखकर बताइए किउनकी दी हुई शिक्षा आपके जीवन में किस प्रकार उपयोगी सिद्ध हो रही है ।
**5**

**<u>अथवा</u>**

नगर विकास प्राधिकरण के सचिव को अपनी कॉलोनी में एक सुंदर पार्क विकसित हेतु 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए।

16.आप राज शर्मा / रजनी शर्मा हैं । आप बी.एड कर चुके हैं । आपको इंडिया इंटरनेशनल स्कूल, क ख ग नगर में हिन्दी आद्यपक / अध्यापिका पद के लिए आवेदन करना है । इसके लिए अपना एक स्ववृत (बायोडाटा) लगभग 80 शब्दों में तैयार कीजिए ।
**5**

**<u>अथवा</u>**

अपने विद्यालय के पुस्तकालय के लिए किसी प्रकाशक से पुस्तकें मँगवाने क ऑर्डर देते हुए 80 शब्दों में एक ई–मेल लिखिए ।

17.आपके शहर में एक पुस्तक मेले का आयोजन होने जा रहा है। इसके लिए 60 शब्दों मेंएक विज्ञापन तैयार कीजिए । **4**

**<u>अथवा</u>**

मकर संक्रांति की शुभकामनाएँ और बधाई देते हुए 60 शब्दों मे अपने मित्र / सखी को एक संदेश लिखिए ।

* * * * * * * * * * * * * *